तथा उससे पश्चिम रेलवे लाइनों तथा सम्पत्ति को होने वाली क्षति को रोकने के लिए सरकार का विचार कोई कार्यवाही करने का है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रेलवे-मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) और (ख). बाढ़ से सुरक्षा की योजनाओं में बांधों का निर्माण, बाढ़ रोकने वाले तटबंधों की व्यवस्था और नदियों की धारा को नियंत्रित करने के काम शामिल हैं। इन योजनाओं को तैयार करने और कार्यान्वित करने का काम केवल राज्य सरकार द्वारा किया जा सकता है। जब तक राज्य सरकार द्वारा ऐसी योजनाएं क्रियान्वित नहीं की जायेंगी रेल-पथों का पानी में डूबना पूरी तरह नहीं रोका जा सकता। फिर भी, बाढ़ के नाशक प्रभाव को कम करने की दिशा में रेलवे द्वारा कार्रवाई की जा रही है। रेलों पर पहले से ही विशेष संगठन मौजूद हैं जो कि बाढ़ के कारण रेल-पथ को हुई हानि से सम्बन्धित मामलों की जाँच करता है और जहां कहीं आवश्यक होता है रेल-पथ के ऊपर से पानी के बहाव को रोकने के लिए किनारे ऊंचा करने और पुलों के निकास-मार्गों को बढ़ाने की योजनाएँ तैयार करता है।

बांदा जंक्शन (मध्य रेलवे) पर एक व्यक्ति का गाड़ी के नीचे आ जाना

1334. **श्री जगेश्वर यादव :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ महीने पहले मध्य रेलवे के बाँदा जंक्शन पर रेलवे लाइन पार करते समय पुनः गाँव का एक व्यक्ति रेलगाड़ी के नीचे आकर मर गया था; और

(ख) यदि हाँ, तो रेलवे पुलिस स्टेशन में दर्ज मृतक का नाम क्या है, पंचायत नामा का विवरण क्या है और यह दुर्घटना किस तारीख को हुई थी ?

रेलवे-मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हाँ।

(ख) मृतक का नाम बोरी है जैसा कि पुलिस स्टेशन में दर्ज है। बांदा की सरकारी रेलवे पुलिस ने पंचनामा तैयार किया था। यह दुर्घटना 3-4-1969 को हुई थी।

Symbol of CPI (Marxist)

1335. SHRI SAMAR GUHA: Will the Minister of LAW AND SOCIAL WELFARE be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 2531 on the 11th March, 1969 regarding 'Hammer-Sickle Star' election symbol allotted to the Communist Party of India (Marxist) and state:

(a) whether such Election symbol can be considered as undermining the basic concept of India's sovereignty and national independence;

(b) whether the use of such symbol is a direct attempt on the part of CPI (Marxist) to invest foreign influence in the mind of Indian electorates; and

(c) whether in defence of national sovereignty and national independence of our country, Government propose to draw the attention of the Election Commission that no symbol which bears resemblance with the State symbol of any foreign country should be allotted any party and that the election symbol given to CPI (Marxist) should be withdrawn ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF LAW AND IN THE DEPARTMENT OF SOCIAL WELFARE (SHRI M. YUNUS SALEEM): (a) No, Sir.

(b) Government have no views in the matter.

(c) Does not arise in view of answer to part (a) above.